https://www.civilaviation.gov.in/

परिचय

देश में विमानन उद्योग के विकास और विनियमन के लिए राष्ट्रीय नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी निभाने वाले नागर विमानन मंत्रालय में, संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का कार्य राजभाषा प्रभाग द्वारा सुचारू रूप से संपन्न किया जा रहा है। अपर सचिव स्तर के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, मंत्रालय के राजभाषा प्रभाग के शीर्षस्थ अधिकारी हैं। राजभाषा प्रभाग, मंत्रालय और इसके संबद्ध कार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की विधिवत निगरानी करता है।

प्रभाग द्वारा, संसदीय और बजटीय मामलों के अतिरिक्त राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त होने वाली विविध सामग्री, जैसे कि सामान्य आदेश, नियम,मानक प्रपत्र, अधिसूचना, संकल्प, कैबिनेट नोट (अन्य मंत्रालयों/विभागों से संबंधित अनुबंधों को छोड़कर), अन्य देशों के साथ होने वाले वायु सेवा करार, माननीय मंत्री महोदय तथा वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जारी किए जाने वाले अ.शा. पत्रों, प्रशासनिक व अन्य रिपोर्टों तथा प्रेस विज्ञप्तियों आदि का अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद करके, अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है।